हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार 23 सितंबर 2025

10 भगवान श्रीराम के जन्म पर निकली शोभायात्रा



12 बेरी में तारकोल फैक्ट्री के टैंक की क्वाइल फटने से ब्लास्ट




दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL AWAS YOJNA
(Under Affordable Plotted Housing Policy 2016, Govt. of Haryana)

## 2/3 BHK LUXURY FLOORS
IN RERA APPROVED TOWNSHIP

GURGAON MOST PROMISING ADDRESS SECTOR-35, SOUTH OF GURUGRAM

33% RESERVED FOR WOMEN & GOVT. EMPLOYEES



LOAN AVAILABLE | HDFC BANK We understand your world | ICICI Bank | SBI | Bank of India

## Pay ₹31,000 for Registration
Amount is Fully Refundable to unsuccessfull applicants

26th SEPTEMBER IS THE LAST DAY OF REGISTRATION

Unit Allocation Date
2nd October 2025 (Thursday)

### PAYMENT PLAN

| Type | Area in (Sq. Ft.) | Area in (Sq. mtr.) | Registration Amount | Payment Within 5 Days | Payment Within 15 Days | 10% Within 30 Days | 20% Within a Month | 60% On Possession | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3BHK+3T | 1503 | 139.63 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 12,69,000 | ₹ 18,00,000 | ₹ 36,00,000 | ₹ 1,08,00,000 | ₹ 1,80,00,000 |
| 3BHK+2T | 1215 | 112.87 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 9,19,000 | ₹ 14,50,000 | ₹ 29,00,000 | ₹ 87,00,000 | ₹ 1,45,00,000 |

Any other charges levied by the Govt. & GST as applicable*

ATS to be executed after completion of 30% of payment

Most Trusted | Quality Construction | Timely Possession | Excellent Customer Service | Great Partnerships | Reputed | Transparent

### ADVANTAGES
- Bang on Gurgaon - Sohna Expressway
- In Close Vicinity of 15000+ upcoming residential Units
- Close to Educational Hub and Schools like GD Goenka World School, K.R. Manglam, SCJ Academy etc.
- 30 Mins Drive from IGI Airport
- 20 Mins Drive from Cyber City
- 7 Mins Drive from Proposed Metro Rail Corridor
- 15 Mins Drive from Rajiv Chowk

### SPECIFICATIONS
- Modular Kitchen - Chimney - HOB
- 1 Room Fully Furnished for Kids - AC in All Rooms
- Geyser (All Washrooms & Kitchen)
- Wardrobes in All Rooms
- Wooden Flooring in Master Bedroom
- False Ceiling in All Rooms
- 1 Year Maintenance Included

### AMENITIES



Basketball Court


Yoga Lawn


kids Play Area


Badminton Court


Outdoor Gym


Club House

## For Online Registration
www.haryanadeendayalawasyojna.com
Call: +91-92112-82697

Scan QR Code with Google lens For Online Registration

## खबर संक्षेप



### केएमपी पर लेन ड्राइविंग को लेकर किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** ट्रैफिक पुलिस ने केएमपी एक्सप्रेस-वे पर एक विशेष लेन ड्राइविंग जागरूकता अभियान चलाया। भारी वाहनों के चालकों को लेन ड्राइविंग अनुशासन का पालन करने की हिदायत दी गई। केएमपी थाना प्रबंधक एसआई नरेश कुमार और एसआई कर्मवीर ने चालकों से लेन ड्राइविंग अनुशासन का पालन करने की अपील की। साथ ही लेन ड्राइविंग के नियमों, उसके लाभ और उल्लंघन के परिणामों की जानकारी दी।



### प्रधान बनी ललिता का बराही में स्वागत

**बहादुरगढ़।** गांव बराही की बेटी ललिता छिल्लर ने दिल्ली के श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की उम्मीदवार के रूप में कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव जीता है। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर समेत अन्य ग्रामीणों ने उनका गांव में भव्य स्वागत किया गया।

गांव बराही में ललिता की जीत से उत्साह का माहौल है और ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर करते हुए बेटी को आशीर्वाद दिया। बता दें कि बराही गांव के वीरेंद्र छिल्लर की सुपुत्री ललिता ने दिल्ली के एसपीएम कॉलेज में बतौर एबीवीपी प्रत्याशी प्रधान पद पर जीत हासिल की। गांव में उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। भव्य स्वागत समारोह में भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही ने ललिता छिल्लर को सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



### सेवा पखवाड़े के तहत चलाया सफाई अभियान

**बहादुरगढ़।** भाजपा के शहरी मंडल ने सेवा पखवाड़े के तहत अंबेडकर स्टेडियम के निकट सफाई अभियान चलाया। मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने जिला संयोजक दिनेश कौशिक व नप चेयरपर्सन सरोज राठी के साथ स्वयं झाड़ू मारकर सफाई की शुरुआत की। सोमवार को भाजपाइयों ने स्थानीय नागरिकों के साथ अंबेडकर स्टेडियम के निकट सफाई अभियान में भाग लिया। दिनेश कौशिक ने कहा कि सफाई अभियान शहर को स्वच्छ रखने में मदद करेगा और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करेगा। चेयरपर्सन सरोज राठी ने सफाई करने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### सब इंस्पेक्टर के बेटे पर मारपीट का आरोप

रोहतक। शहर के सिविल लाइन्स क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक सनसनीखेज घटना हुई, जिसमें तैनात सब इंस्पेक्टर वनिता के बेटे ने कथित रूप से हथियारों के बल पर एक कैफे संचालक को पीट दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सब इंस्पेक्टर वनिता के बेटे और पीड़ित कैफे संचालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद का आकार बढ़ते ही आरोपी ने लाठी और डंडे के साथ कैफे संचालक पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद पीजीआई रेफर कर दिया।

## श्री प्राचीन रामलीला कमेटी ने रामलीला से पहले हवन किया

# भगवान श्रीराम के जन्म पर निकली शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर लिया आशीर्वाद

शोभायात्रा में शहर के अलावा पलवल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के मशहूर बैंड शामिल रहे



झज्जर। शोभायात्रा के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की झांकी।



झज्जर। झज्जर। शोभायात्रा में नृत्य करते हुए भगवान शिव एवं मां पार्वती।



झज्जर। शोभायात्रा के दौरान आकर्षक मुद्रा में बैठे श्रीराधा-कृष्ण।

**शहर में निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा की झांकियों ने श्रद्धालुओं को खूब लुभाया। युवक-युवतियां अपने-अपने मोबाइल से भगवान श्रीराम, श्रीराधा-कृष्ण, भगवान शिव-पार्वती आदि झांकियों की फोटो व सेल्फी लेते दिखाई दिए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा सोमवार को भगवान श्रीराम जन्म के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कमेटी प्रधान अंकुश दूहण ने बताया कि शाम करीब छह बजे भगवान श्रीराम की शोभायात्रा बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान से शुरू हुई। शोभायात्रा में शहर के अलावा पलवल, दिल्ली, यूपी के मशहूर बैंड शामिल रहे। श्रीराम जन्म की झांकी में मूसक के साथ भगवान श्रीगणेश, अयोध्या के श्रीरामलला, मां कालका के तीन स्वरूप, भगवान श्रीराधा-कृष्ण व भगवान शिव-पार्वती की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। यह शोभयात्रा प्राचीन रामलीला मैदान से शुरू होकर सिलानी गेट, त्रिमूर्ति मंदिर, यादव धर्मशाला, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, मेन बाजार, चौपटा बाजार व दिल्ली गेट से होते हुए वापिस रामलीला मैदान पहुंच कर संपन्न हुई। उधर, रात्रि में होने वाली रामलीला मंचन के लिए भी आयोजक समिति सदस्यों ने कलाकारों के साथ मिलकर स्टेज पर हवन किया। इसके बाद शस्त्र पूजा की गई।

### भगवान के किए दर्शन

शहर में निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा की झांकियों ने श्रद्धालुओं को खूब लुभाया। युवक-युवतियां अपने-अपने मोबाइल से भगवान श्रीराम, श्रीराधा-कृष्ण, भगवान शिव-पार्वती आदि झांकियों की फोटो व सेल्फी लेते दिखाई दिए। इसके अलावा शोभायात्रा के देर से शुरू होने के चलते शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए इंतजार भी करना पड़ा। चौपटा बाजार में रहने वाले श्रद्धालु विशु ने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम की आरती उतार कर पूजा-अर्चना की जाती है। झांकी की शुरूआत का समय चार बजे का था। देर से शुरू होने के कारण अब उनके यहां देर रात करीब दस बजे तक झांकी पहुंचेगी। इसके उपरांत ही पूजा-अर्चना हो पाएगी।



झज्जर। झांकी देखने के लिए सड़क किनारे लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

# जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

- लकड़िया गांव के पास हुआ हादसा, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव लकड़िया के नजदीक जेसीबी की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार सेवानिवृत्त अध्यापक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव शेरिया निवासी करीब 65 वर्षीय यशवीर पुत्र सूरत सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यशवीर पिछले कई वर्षों से रोहतक में रह रहा था। अपने खेतों की देखभाल करने के लिए वह गांव आ जाता था। सोमवार को भी वह गांव आया हुआ था। जब वह मोटरसाइकिल पर वापिस रोहतक लौट रहा था तो लकड़िया गांव के नजदीक उसे जेसीबी ने साइड मार दी जिस कारण यशवीर सड़क पर जा गिरा और जेसीबी के टायर के नीचे आ गया। इस हादसे में यशवीर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों की सहायता से शव को एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी अंकित ने बताया कि परिजनों के बयानों के आधार पर जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।





झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी व दुर्घटना के बाद सड़क किनारे पड़ा व्यक्ति का शव और पास में खड़े लोग।

# फेफड़ों की सुरक्षा करना भी जरूरी: डॉ. चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

फेफड़ों का कैंसर सिर्फ स्मोकिंग से नहीं होता, बल्कि इसके पीछे कई अन्य कारण भी हैं। इनमें सेकेंड हैंड स्मोक यानी दूसरों के धुएं का असर, वायु प्रदूषण, इनडोर कुकिंग स्मोक, रैडॉन गैस, और पर्यावरणीय रसायनों जैसे एस्बेस्टस व डीजल धुएं का एक्सपोजर शामिल हैं। इसके अलावा आनुवांशिक कारण और फैमिली हिस्ट्री भी जोखिम बढ़ाते हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. कुमारदीप दत्ता चौधरी ने बताया कि लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सीने में असहजता या बिना वजह थकान जैसे लक्षणों को लोग नज़रअंदाज कर देते हैं। सही पहचान होने तक बीमारी बढ़ चुकी होती है। उनके अनुसार धूम्रपान और सेकेंड हैंड स्मोक से दूर रहें।



डॉ. कुमारदीप दत्ता चौधरी

## आर्यन मान को बधाई देने का सिलसिला जारी

- दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ का प्रधान बनने पर खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनावों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से आर्यन मान को मिली शानदार जीत के लिए बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को भी बालौर, सांखोल, परनाला, नया गांव, खैरपुर, लडरावन, सराय औरंगाबाद, जसौरखेड़ी, कानोंदा, शाहपुर और बराही के ग्रामीणों ने आर्यन मान के ताऊ एवं लोवा सतरह खाप के प्रधान अशोक मान और दलबीर मान को बधाई दी है। सांखोल के पूर्व सरपंच हुक्म सिंह, बराही के पूर्व सरपंच रमेश, कानोंदा से अशोक, रोहताश, परनाला से सत्यवान राठी, दलबीर राठी, मंजीत प्रधान, कर्मबीर, विक्की, सुनील, नयागांव से रविंद्र सिंह, खैरपुर से अर्जुन, लडरावन से राजू प्रधान, सराय औरंगाबाद से राजबीर लाठर, शाहपुर से पूर्व सरंपच अनिल प्रधान, जसौरखेड़ी से संदीप झाबर, बालौर गांव से यादव सभा के प्रधान अशोक, सत्ते, सतबीर, विजयपाल और भास्कर आदि ने आर्यन मान की जीत पर उनके ताऊ अशोक मान से मिलकर बधाई दी।



बहादुरगढ़। आर्यन के ताऊ अशोक मान को बधाई देते विभिन्न गांवों के प्रतिनिधि।

## भजन पार्टियों ने दी योजनाओं की जानकारी

**झज्जर।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिले में विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभागीय भजन पार्टियां एवं सूचीबद्ध ड्रामा पार्टियां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रही हैं। डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि भजन पार्टियां हरियाणवी लोक शैली में गीत-संगीत के माध्यम से सरकार की विकासपरक योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रही हैं। इन कार्यक्रमों में न केवल योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी जा रही है।

## चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर शुरू

- खेड़ी खुम्मार के राजकीय स्कूल में दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार को भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी खुम्मार में चार दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का संचालन जिला मुख्य आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के मार्गदर्शन तथा डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र व डीओसी गाइड मैनावंती के नेतृत्व में किया जा रहा है। कैंप इंचार्ज डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने स्काउट गाइड संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संस्था से जुड़कर विद्यार्थी अनुशासन व सेवा की शिक्षा प्राप्त करते हैं। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने लगभग 250 विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने जीवन में स्काउट गाइड के सिद्धांत अपनाने और समाज व देश की सेवा के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। शिविर में स्काउट एवं गाइड कैडेटस को संबोधित करते हुए राजेंद्र कुमार।

## प्रदीप राठी सांखोल, कर्नल संत कुमार, सरोज जाखड़ सिहाग व राकेश राठी ने किया प्रोत्साहित

# दो दिवसीय जूनियर प्रतियोगिता में छाए एथलीट, दिखाया अपना दमखम

सराय औरंगाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव सराय औरंगाबाद में आयोजित दो दिवसीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हो गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांखोल निवासी समाजसेवी प्रदीप राठी, विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलंपियन कर्नल संत कुमार, भीम अवॉर्डी कमांडेंट सरोज जाखड़ सिहाग, सरपंच राकेश राठी व सोनू प्रधान ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। मॉडर्न स्कूल व बाल विकास स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष आयुवर्ग की 100 मीटर दौड़ में हिमांशु खानपुर प्रथम, जशन बहादुरगढ़ दूसरे, मोहित खानपुर तीसरे नंबर पर रहा। वहीं 400 मीटर दौड़ में हितेश खानपुर प्रथम, हर्ष खानपुर दूसरे, आयुष भापड़ोदा तीसरे नंबर पर रहा। लंबी कूद में नमन सुंदरेहटी प्रथम, यश बहुझोलरी दूसरे, निशांत खेड़ी खुम्मार तीसरे नंबर पर रहा। गोला फेंक में इशांत मातन प्रथम और मित्तल सराय दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 20 वर्ष आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में तनिष मातन प्रथम, नितिन कबलाना दूसरे व आर्यन बुपनिया तीसरे नंबर पर रहा। जबकि 400 मीटर दौड़ में गौरव भापड़ोदा प्रथम, प्रशांत शेखुपर दूसरे व रोहित शेखुपुर तीसरे स्थान पर रहा। अतिथियों ने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास व आपसी प्रेम भावना बढ़ती है। इसलिए किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए।






बहादुरगढ़। जीत के लिए दौड़ लगाते उभरते हुए धावक व प्रतियोगिता के दौरान गोला फैंकते एक खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### करनाल में होगी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव भीम अवॉर्डी चरण सिंह राठी ने बताया कि विजेता खिलाड़ी अब करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर झज्जर जिले का नाम रोशन करेंगे। समापन समारोह में अतिथियों के साथ मनोज सांगवान, संदीप सांगवान, मनोज काजला, राजकुमार, मनजीत सांगवान ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला एथलेटिक्स संघ के प्रधान जयप्रकाश जाखड़, कोच जयभगवान, संजीता कोच, कर्ण राठी कोच, नेहा कोच, विक्रांत दलाल कोच, सुमित दलाल कोच, रणवीर राठी, महेंद्र राठी, दलवीर राठी, सुभाष राठी, बलजीत राठी, ब्रह्म स्वरूप रंगा, मेनपाल रंगा, दिनेश रंगा, आनंद राठी, सोनू राठी आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते प्रदीप राठी व अन्य।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी बनने पर पवन सैनी को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व पार्षद जसबीर सैनी, प्रधान रोहित सैनी, जीवन सैनी, राजपाल सैनी, प्रवीण सैनी आदि ने नारायणगढ़ पहुंचकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में ओबीसी वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान है।

### आत्मरक्षा व डायल 112 ट्रिप के बारे में किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** सेवा पखवाड़े के तहत सोमवार को एमआईई चौकी प्रभारी मोनिका और रेड डॉट दुर्गा शक्ति की टीम ने जीवन ज्योति हॉस्पिटल की महिला स्टॉफ को सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्प्रभाव, यातायात के नियमों की पालना करने बारे जानकारी दी। डायल-112 एप के बारे में जानकारी देते हुए डाउनलोड करवाई, रजिस्ट्रेशन करवाया तथा ट्रिप मामॉनिटरिंग सर्विस के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## नवरात्र के पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप का हुआ पूजन

# मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ हजारों की संख्या में लोगों ने किए माता के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

सोमवार से नवरात्र मेले का आगाज हो गया। नवरात्र के पहले दिन बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कई घंटों के इंतजार के बाद मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन किए। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता की मंगला आरती सुनी और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दिनभर मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा। उधर, पूरे बेरी कस्बा में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कोई श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लिए हुए तो कोई पेट के बल लेटकर माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे है।






बेरी। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा, मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो :हरिभूमि

### श्रद्धालुओं ने अपने घरों व मंदिरों में जाकर माता की विशेष पूजा अर्चना की

नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने माता के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों और मंदिरों में जाकर माता की विशेष पूजा अर्चना की और माता की प्रतिमा के समक्ष प्रसाद चढ़ाकर अपनी आस्था जताई। उधर, नवरात्र पर्व के चलते बाजारों में भी रौनक छाई हुई है। दुकानदारों ने व्रत के सामान और नारियल, चुन्नी से अपनी दुकानों को सजाया हुआ है। किरयाणा की दुकानों पर अन्य दिनों की अपेक्षा बिक्री में भी वृद्धि हुई है।

### इस बार 28 से 30 सितंबर तक लगेगा मुख्य मेला

*एसडीएम रेणुका नांदल ने मुख्य मेला को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी ली। इस बार मुख्य मेला 28 से 30 सितंबर तक लगेगा। उन्होंने कहा कि माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में प्रत्येक श्रद्धालु को व्यवस्था अनुरूप माता के दर्शन हो सकें, इसके लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य मेला में आने वाले हर व्यक्ति को पेयजल, समुचित पार्किंग व्यवस्था, टोकन सिस्टम से माता के दर्शन हों। उन्होंने कहा कि मेला को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं। जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी तैयारियों को पूरा करने में लगे हुए हैं।*

### श्रद्धा के साथ मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्यातिथि एवं प्रबुद्धजन। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन स्कूल में सोमवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक केशव सिंगल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रकाश वीर गर्ग ने शिरकत की जबकि विशिष्टातिथि के रूप में ट्रस्ट के पूर्व प्रधान महेंद्र बंसल मौजूद रहे। मुख्यातिथि प्रकाश वीर गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अपने शासनकाल में जरुरतमंद लोगों के लिए एक रुपया और एक ईंट की सहायता का सहारा देकर सबके लिए मकान और व्यापार स्थापित किया। महेंद्र बंसल ने कहा कि यदि हम आपसी सहयोग करते रहेंगे तभी हमारा समाज ऊपर उठ सकता है। नगर परिषद के अध्यक्ष जिले सिंह सैनी ने कहा कि हर माता-पिता तथा शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक जागरुकता रैली भी निकाली। इस मौके पर महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के सचिव एडवोकेट गौरव गोयल, गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रमोद बंसल, गोपाल गोयल, शहर थाना इंचार्ज सरिता देवी, पार्षद प्रतिनिधि नवीन छाबड़ा, पार्षद दिनेश छिक्कारा, विकास गर्ग, बालकिशन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

***कठिन समय में, जब परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो जाती हैं, महिलाएं शक्ति का स्रोत होती हैं***

# पहले घर की नारियों का सम्मान, फिर करे मां दुर्गा का ध्यान : स्वामी धर्मदेव

- आश्रम हरि मंदिर पटौदी के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने प्रवचन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। स्वामी धर्मदेव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो :हरिभूमि

नवरात्र आरंभ हो चुके है। नवरात्रों में लोग मंदिरों में जा कर मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा करते है। बेशक मंदिरों में जाकर दुर्गा की उपासना करना श्रेष्ठतम है लेकिन उससे पहले जरूरी है अपने परिवार समाज और आसपास में मां दुर्गा के ही रूप में रहने वाली महिलाओं का सम्मान करना। यह कहना है आश्रम हरि मंदिर पटौदी के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव का। उन्होंने कहा कि कठिन समय में, जब परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो जाती हैं, महिलाएं शक्ति का स्रोत होती हैं। किसी भी प्रयास में सफलता के लिए उनका समर्थन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मेहंदीपुर बालाजी के लिए रवाना हुई नवमी पदयात्रा

## पदयात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम नजर आया

- नवीन बंटी ने झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को मेहंदीपुर बालाजी धाम के लिए रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मेहंदीपुर बालाजी महाराज की नवमी पदयात्रा का शुभारंभ सोमवार को सब्जी मंडी के निकट देवी मंदिर कॉलोनी से हुआ। पदयात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम नजर आया। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को मेहंदीपुर बालाजी धाम के लिए रवाना किया।



बहादुरगढ़। पदयात्रा को मेहंदीपुर बालाजी धाम रवाना करते नवीन बंटी।

रविवार सुबह भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा के पाठ के साथ यात्रा की शुरुआत हुई। मेहंदीपुर बालाजी महाराज के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी को बताया कि यह परंपरा पिछले कई वर्षों से निरंतर चल रही है। हर बार बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग लेते हैं। भाजयुमो उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने कहा कि मेहंदीपुर बालाजी महाराज संकटमोचक हैं। बालाजी महाराज की दरबार में हर कोई एक समान है। उनके चरणों में हर भक्त को शांति और शक्ति का अनुभव होता है। इस अवसर पर जैना प्रधान जसोर खेड़ी, जिले सिंह, सज्जन, बिजेंद्र चहल, वीरेंद्र सांगवान, अजय छिल्लर, सचिन मांडोठी, साहिल, दीपांशु वत्स, अंकित, कपिल, यक्षित, अनिल स्वामी, साहिल, नीरज, तपन सहरावत आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान चलाकर की संस्थान परिसर की साफ-सफाई



झज्जर। स्टाफ सदस्यों व प्रशिक्षुओं के साथ संस्थान परिसर की साफ-सफाई करते हुए निदेशक उमेश भूकर। फोटो :हरिभूमि

- प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करते हुए लोगों में स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को सफाई अभियान चलाकर संस्था अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा संस्थान की परिसर की साफ-सफाई की गई। संस्थान निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने बताया कि जिला अग्रणी मुख्य प्रबंधक विजय सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने संस्थान स्टाफ सदस्यों व प्रशिक्षुओं के साथ मिलकर संस्थान परिसर व आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की तथा प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करते हुए लोगों में स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है। यदि हम अपने घर, गली और कार्यस्थल को स्वच्छ रखें तो पूरा देश स्वच्छ और स्वस्थ बनेगा। हमें इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। मौके पर आशीष रोहिल्ला, रेखा, शशी कुमार, आशीष शर्मा, सुरेंद्र, रीना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# महाराजा अग्रसेन के आदर्शों से बनेगा सशक्त समाज

- वैश्य बीएड कॉलेज की छात्राओं ने उनकी शिक्षा पर आधारित पोस्टर व स्लोगन बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में अग्रसेन जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर व स्लोगन बनाकर अग्रसेन महाराज के आदर्शों को रेखांकित किया। छात्राओं ने सामाजिक एकता, परोपकार, सेवा और सत्यनिष्ठा का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श आज भी समाज में प्रासंगिक हैं।



बहादुरगढ़। महाराजा अग्रसेन पर बनाए पोस्टर-स्लोगन दिखाती स्वयंसेविकाएं।

### हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए

हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक आदर्श, सहयोगी और सशक्त समाज का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराज अग्रसेन का जन्म समाज सुधार और मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए हुआ माना जाता है। उन्होंने एक ईंट और एक रुपया की परंपरा आरंभ कर समाज में सहयोग, समानता और भाईचारे का भाव जगाया। स्वयंसेविकाओं ने उनके आदर्शों का प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया। ताकि वे समाज सेवा और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ सकें।

### महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का आह्वान



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-15 ओमेक्स सिटी में अग्रवाल सेवा समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन शासक के साथ ही समाज सेवा, परोपकार और भाईचारे की जीती-जागती मिसाल थे। उनकी दी हुई सीख समाज को नई दिशा और प्रेरणा देती है। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवन में हमेशा सबको साथ लेकर चलने और समाज की कमजोर वर्गों की मदद करने का संदेश दिया। एक ईंट और एक रुपया की उनकी परंपरा सामाजिक एकता और सहयोग की अद्वितीय मिसाल है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सेवा और समरसता का भाव बनाए रखना चाहिए।

### इनेलो में वापस लौटे जोगेंद्र खत्री



**बहादुरगढ़।** इनेलो के युवा प्रदेश प्रधान महासचिव जितेंद्र नफे सिंह राठी के प्रयासों से कुलासी निवासी जोगेंद्र खत्री ने इनेलो में घर वापसी की है। जोगेंद्र खत्री अतीत में इनेलो के युवा हलकाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनके साथियों ने भी इनेलो में आस्था जताई। इनेलो नेता एवं पार्षद जितेंद्र राठी ने बताया कि आमजन का रुझान इनेलो के प्रति बढ़ा है। इसी कड़ी में कुलासी गांव निवासी जोगेंद्र खत्री भी इनेलो में शामिल हुए। उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। रोहतक में 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल जयंती पर आयोजित होने वाले सम्मान दिवस महारैली को लेकर युवाओं में भारी जोश व उत्साह है। इस मौके पर इनेलो के जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी, पप्पू कुलासी, राज सिंह, अशोक कुलासी, दीपक लोहचब, कृष्ण खत्री, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों को सिखाए शिक्षण कौशल के तौर तरीके

- रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी ने अनेक मनोरंजक गतिविधियों से कार्यशाला को रूचिकर बनाए रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी साल्हावास में सीबीपी की इनहाउस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय की रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी ने एक्टिव लर्निंग विषय पर शिक्षकों को जानकारी दी। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों ने सक्रिय अधिगम शिक्षण कौशल को विद्यार्थियों पर लागू करने के अनेक तौर-तरीके सीखे। रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी ने अनेक मनोरंजक गतिविधियों से कार्यशाला को रूचिकर बनाए रखा।



झज्जर। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक एवं प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

मनोवैज्ञानिक प्राध्यापिका मनीषा जाखड़ ने स्पेशल चाइल्ड विषय में जानकारी देते हुए बताया कि जो बच्चा शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विशेषताओं में सामान्य बच्चों से अलग होता है उसे शैक्षिक और सामाजिक सहायता की ज्यादा जरूरत होती है। ऐसे बच्चे ज्यादा महत्त्वाकांक्षी नहीं होते, उन्हें विशेष शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को इन्हें पहचानकर उनके सर्वांगीण विकास के लिए उचित शिक्षण सामग्री उपलब्ध करानी चाहिए।

## दिल्ली के राजघाट पर विवेकानंद यूथ कनेक्ट के तत्वावधान में आयोजन

# यमुना सस्टेनेबिलिटी रन में जीते बीआरजी के कई धावक

- दौड़ में बीआरजी के 45 धावकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**पुरुषों की 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में देवेंद्र किशोर प्रसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**

दिल्ली के राजघाट पर विवेकानंद यूथ कनेक्ट के तत्वावधान में यमुना सस्टेनेबिलिटी रन का आयोजन हुआ। फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और यमुना नदी को स्वच्छ रखने का संदेश देने के उद्देश्य से हुई दौड़ में एशियन मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के संस्थापक चिदानंद सरस्वती, जैन गुरु लोकेश मुनि, विवेकानंद यूथ कनेक्ट के संस्थापक डॉ. राजेश ने धावकों का उत्साहवर्धन किया। बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि इस दौड़ में बीआरजी के 45 धावकों ने भाग लिया। पुरुषों की 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में देवेंद्र किशोर प्रसाद ने अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिलाओं में सीमा रावत ने प्रथम और माधवी यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया। ओपन केटेगरी में नूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा धर्मवीर सैनी, सुनील कुमार, राजेश, संजीव, कपिल, विनोद, अमित, संदीप, लविन, नवीन, अजय, अनजीत और कुसुम ने भी शानदार प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बीआरजी को विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए उनके सामूहिक योगदान की सराहना की। बीआरजी के दीपक छिल्लर, रविंद्र दहिया, गुलाब सिंह व किरण छिल्लर ने पेसर की जिम्मेदारी निभाई। वहीं नोएडा में आयोजित एक अन्य दौड़ में ललिता पांडे ने 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




बहादुरगढ़। दौड़ के बाद मंच पर जश्न मनाते बीआरजी के धावक। फोटो :हरिभूमि

### युकां ने उत्तराखंड भेजी राहत सामग्री




बहादुरगढ़। उत्तराखंड के लिए राहत सामग्री रवाना करते युकां पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** हरियाणा युवा कांग्रेस की ओर से उत्तराखंड में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सोमवार को राहत सामग्री रवाना की गई। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने पार्टी मुख्यालय से राहत सामग्री से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर उत्तराखंड के लिए रवाना किया। हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव ने बताया कि प्रदेश प्रभारी सत्यवान गहलोत व प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया की मौजूदगी में यह राहत सामग्री भेजी गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सेवा के लिए जानी जाती है। हरियाणा से भेजी गई यह मदद उनके दुख को थोड़ा कम करेगी और उन्हें मजबूती देगी। इस अवसर पर अभिषेक यादव, भारत सोनी और परमवीर जैन भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सेक्टर-6 में फ्री आयुर्वेदिक कैंप आज

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 में स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में मंगलवार 23 सितम्बर को सुबह 10 बजे सर्व कल्याण सेवा समिति द्वारा फ्री आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम जांच उपरांत निःशुल्क दवाई भी देगी। समिति पहले भी ऐसे कई कैंप व कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है।

### आईटीआई गुढ़ा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** आईटीआई एट गुढ़ा में सोमवार को संविधान संगोष्ठी, भारत के संविधान विषय पर निबंध तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्पार्पित करते हुए नमन किया और भारतीय संविधान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान राजकंवर अहलावत, महिला आईटीआई की इंचार्ज सत्यवती सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### आईटीआई में प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला कल

**बहादुरगढ़।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की पहल पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में बुधवार 24 सितंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई बहादुरगढ़ की प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने बताया कि मेले में करीब 50 नामी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस मेले में लगभग 1000 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। जिनका मौके पर ही इंटरव्यू लेकर रोजगार के लिए चयन किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सेंटर, एमएसएमई विभाग और जिला रोजगार कार्यालय भी तैयारियों में सहयोग कर रहा है।

### सीताराम गेट में युवक ने फंदा लगाया

**झज्जर।** शहर के सीताराम गेट में मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब पता चला तो वे उसे फांसी के फंदे से उताकर उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान करीब 32 वर्षीय गोविंद पुत्र राजेश के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि परिजनों का कहना है कि गोविंद स्थानीय नगर परिषद में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य करता था। वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। मृतक के पिता राजेश के बयानों पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

सेवा पखवाड़ा-नगर परिषद ने शुरू किया बर्तन बैंक

# सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए लोगों को निःशुल्क मिलेंगे स्टील के बर्तन

**नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बहादुरगढ़ की जनता को किया समर्पित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत नगर परिषद बहादुरगढ़ ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए बर्तन बैंक शुरू किया है। शहर को प्लास्टिक और थर्माकोल मुक्त बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक आयोजनों के लिए आमजन को स्टील के बर्तन निशुल्क उपलब्ध होंगे। चेयरपर्सन सरोज राठी ने सोमवार को बर्तन बैंक का उद्घाटन करते हुए इसे आमजन को समर्पित किया। सरकार की ओर से नगर परिषद को स्टील के गिलास, प्लेट, चम्मच और थालियां उपलब्ध कराई गई हैं।



**बहादुरगढ़।** बर्तन बैंक का उद्घाटन करती चेयरपर्सन सरोज राठी

### व्यवस्था से गंदगी कम होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा

उन्होंने कहा कि इन्हें शहरवासी लोग भंडारा, शादी, धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों के लिए निःशुल्क ले सकते हैं। इन बर्तनों का प्रयोग करके कार्यक्रम समाप्त होने पर वापस नगर परिषद में जमा कर देंगे। इस व्यवस्था से गंदगी कम होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। चेयरपर्सन के अनुसार नगर परिषद का यह बर्तन बैंक शहरवासियों के लिए लाभकारी होगा और पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग होगा। लोगों को भी डिस्पोजेबल बर्तनों पर खर्च नहीं करना पड़ेगा और शहर भी साफ-सुथरा रहेगा। इस मौके पर पार्षद राजेश तंवर, सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा व मनमोहित गुप्ता भी मौजूद थे।

स्वच्छता अभियान में जिले की अनोखी पहल

# नगर परिषद प्लास्टिक कचरे के बदले देगी चावल और दाल, जुड़ने लगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत जिले में सफाई व स्वच्छता को लेकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में नगर परिषद ने शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नागरिकों से प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर बदले में खाद्य सामग्री जैसे चावल और दाल दी जाएगी। खाद्य सामग्री की मात्रा प्लास्टिक के वजन के अनुसार तय होगी। नगर परिषद के अभियान को शहरवासियों ने जमकर सराहा।




**गमले तैयार**

वेस्ट टू आर्ट थीम के अंतर्गत नगर परिषद ने प्लास्टिक की खाली बोतलों से आकर्षक गमले तैयार किए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। वहीं, नप बहादुरगढ़ ने भी कार्यक्रम हुआ।

### शहर को प्लास्टिक फ्री बनाना लक्ष्य

नगर परिषद ईओ देवेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शहर को प्लास्टिक फ्री बनाना और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। यह पहल लोगों को प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इसके साथ ही जिले में स्वच्छता अभियान के तहत कई और गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

दो टैंकों की टेस्टिंग का कार्य चल रहा था, पांच श्रमिक झुलसे

# बेरी में तारकोल फैक्ट्री के टैंक की क्वाइल फटने से ब्लास्ट

**कर्मचारी बोले- बॉयलर अचानक अधिक गर्म होने के कारण फट गया**



**झज्जर।** कस्बा बेरी स्थित एक तारकोल फैक्ट्री में टैंक की क्वाइल फटने से वहां कार्य कर रहे पांच कर्मचारी झुलस गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। जानकारी के अनुसार बेरी के ढराणा मोड पर एक तारकोल बनाने की फैक्ट्री है। उसमें दो टैंकों की टेस्टिंग का कार्य चल रहा था। उसी दौरान तेज धमाके के साथ एक टैंक की क्वाइल फट गई। जिसके कारण पांच श्रमिक झुलस गए। घायल श्रमिकों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में चल रहा है। कर्मचारियों के अनुसार तारकोल फैक्ट्री में बॉयलर अचानक अधिक गर्म होने के कारण फट गया, जिससे मजदूरों को गंभीर चोटें आईं।

**घायल बेरी के ही रहने वाले- दो की हालत गंभीर, पीजीआई रेफर, सूचना मिलने पर जांच के लिए पहुंची पुलिस की टीम**

बेरी के ढराणा मोड पर एक तारकोल बनाने की फैक्ट्री, धमाके से हड़कंप मचा



फिलहाल पुलिस की ओर से मामले को लेकर जांच की जा रही, घायलों के बयान दर्ज होंगे

### कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, निरीक्षण को सबूत जुटाए

घायल श्रमिकों की पहचान अरुण, सचिन, सुधीर, संदीप व दीपक के तौर पर हुई है। सभी श्रमिक बेरी क्षेत्र के निवासी हैं। इनमें से दीपक सुधीर व सचिन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार घायलों के बयानों के बाद ही नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बेरी थाना एसएचओ ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि ढराणा गांव स्थित तारकोल की फैक्ट्री में आग लगी है। वहीं मौके पर पहुंच जांच की गई है। फिलहाल रोहतक पीजीआई से घायलों के बयान के बाद ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**बराही से कसार और बराही से कानोंदा का सफर अब होगा आसान : विधायक**

# बहादुरगढ़ में सवा करोड़ में बनेंगी दो सड़कें : जून



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने गांव बराही से कसार और बराही से कानोंदा तक बनने वाली दो सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने लंबित मांग पूरी करने पर उनका आभार जताया। विधायक राजेश जून ने बताया कि दोनों सड़कों के निर्माण पर लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि पिछले 5 साल से टूटी हुई सड़कों का निर्माण तेजी से करवाया जा रहा है। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। उन्होंने ग्रामवासियों और अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

■ पिछले 5 साल से टूटी हुई सड़कों का निर्माण तेजी से करवाया जा रहा

■ निर्माण में कोताही को सहन नहीं करेंगे : जून

### 25 सितंबर को लांच होगी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक कदम और आगे बढ़ाते हुए महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सम्मान के लिए 25 सिंतबर को एक महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सिंतबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के मोबाइल एप का पंचकूला से शुभारंभ करेंगे।

## आकाश और सागर का हरियाणा के बॉक्सिंग टीम में चयन

**झज्जर।** स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के दो प्रतिभाशाली मुक्केबाजों का चयन हरियाणा मुक्केबाजी टीम में हुआ है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 75 किलो भार वर्ग में आकाश गुलिया और 90 किलो भार वर्ग में सागर नारा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की।

**फेडरेशन कप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे**





अब ये दोनों खिलाड़ी अक्टूबर माह में चेन्नई में होने वाले फेडरेशन कप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि यह चयन न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि जिले की खेल संस्कृति और कोचिंग की उत्कृष्टता को भी दर्शाता है। आकाश और सागर दोनों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्हें उम्मीद है कि दोनों मुक्केबाज फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व जिले का गौरव बढ़ाएंगे।

## प्री-लीगल परामर्श कैंप का उठाया लाभ



**झज्जर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की श्रृंखला में सोमवार को कोर्ट परिसर में निःशुल्क प्री-लीगल परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कानूनी परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर आमजन को न्याय व्यवस्था से जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान लीगल सेल के संयोजक धीरज कौशिक, झज्जर बार एसोसिएशन प्रधान दीपक गोयल, शहरी मंडलाध्यक्ष एडवोकेट संदीप चौहान, उपाध्यक्ष एडवोकेट दीपक वर्मा व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

गलियों में दूषित पानी जमा, सांस लेना भी मुश्किल

# एसटीपी बंद होने से धर्म विहार का सीवरेज सिस्टम जाम, लोग बेहाल

**लोग बोले बुजुर्ग और बच्चे हो रहे बीमार, सुध नहीं ले रहे अफसर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के बंद होने के कारण शहर के धर्म विहार में सीवर जाम की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। कॉलोनी की गलियों में सीवर का गंदा पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि छोटूराम नगर में जलभराव के हालात बिगड़ने के बाद पिछले कई दिनों से एसटीपी प्रभावित है। इसके चलते कई कॉलोनियों में सीवर का पानी गलियों में ओवरफ्लो होकर घरों के बाहर जमा हो रहा है। धर्म विहार की गलियों में तो हालात इतने खराब हैं कि लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो यह स्थिति और भी खतरनाक साबित हो रही है। स्थानीय निवासी राजेश, संदीप, राजकुमार व सुरेंद्र के अनुसार गली-मोहल्लों में जमा गंदे पानी से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।



### महिलाएं बोलीं- शिकायत के बाद भी सीवरेज की सफाई नहीं

कमलेश, बिमला, रेणू व रेखा ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो सीवर की सफाई हुई और न ही एसटीपी चालू किया गया। उन्होंने संबंधित विभाग से तुरंत एसटीपी को चालू करने, सीवर लाइन की सफाई करवाने और जलभराव को खत्म करने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### वार्ड 15 में सीवरेज ठप गलियों में फैली गंदगी

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-15 की पार्षद प्रीति राठी के पति भूपेंद्र राठी के अनुसार इन दिनों बदहाल सीवरेज व्यवस्था का खामियाजा वार्ड के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सीवर ब्लॉक होने के चलते गंदगी गलियों में फैली हुई है, जिस कारण यहां लोगों का जीना मुहाल हो गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ऑनलाइन पोर्टल व हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। किला मोहल्ला, झील मोहल्ला, पालिका कॉलोनी, कच्चा बाग, बागवाला मोहल्ला, संजय कॉलोनी आदि में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ओमबीर भारद्वाज, बिशन नांरग, प्रवीण अनेजा,रमा मक्कड़, राजेश भारद्वाज, नितिन चावला, हरीश मदान, शालू, हेमचंद्र, हन्नी पाहवा, एडवोकेट विपिन प्रधान, संदीप बेनीवाल, वीरू, रुकमणि देवी, ममता, कोमल, इंदु खट्टर, सुनीता खत्री, उमा खत्री, नीलू अनेजा, सुनीता अनेजा, वीना, शांति आदि ने प्रशासन से जल्द से जल्द सीवरेज समस्या के समाधान की मांग की है।



# नियम तोड़ने पर 39 वाहन चालकों के चालान काटे


**बहादुरगढ़।** ऑटो चालकों को समझाते यातायात प्रबंधक महेश कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

यातायात प्रबंधक महेश कुमार ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुराना बस स्टैंड के पास ऑटो चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। शहर के मेट्रो पिलरों पर भी यातायात नियमों के जागरुकता स्लोगन लिखवाकर आमजन से अपील की जा रही है। यातायात के नियम के अवेहलना करने वाले 39 वाहन चालकों के चालान भी किए गए हैं।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 4, रॉन्ग पार्किंग के 6, बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 2, ट्रिपल राइडिंग के 2, बिना सीट बेल्ट का उपयोग किए हुए 4, बिना नंबर प्लेट 3 और 10 अन्य नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। उन्हें समझाते हुए ट्रेफिक एसएचओ महेश कुमार ने कहा कि नशे में कोई भी चालक वाहन ना चलाए, इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ा जाती है। निर्धारित सीमा से ज्यादा सवारी ऑटो में नहीं बैठाएं। गति सीमा और अपनी लाइन का विशेष ध्यान रखें। अक्सर ऑटो चालक सवारी के चक्कर में कहीं पर भी एकदम से थ्रीव्हीलर की लेन बदल लेते हैं अथवा ब्रेक लगा देते हैं।